समाचार

बुधवारी दशहरा मैदान में महापौर ने किया वृक्षारोपण

कोरबा 05 सितम्बर 2013 – महापौर श्री जोगेश लाम्बा ने आज वार्ड क्र. 16 के अंतर्गत आने वाले बुधवारी बस्ती दशहरा मैदान गणेश पण्डाल परिसर में वृक्षारोपण किया। इस दौरान वे बस्तीवासियों से मिले तथा उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा कर उन के निराकरण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये।

बुधवारी युवा समिति के तत्वाधान में बुधवारी दशहरा मैदान परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर श्री जोगेश लाम्बा ने कार्यक्रम में पहुंचकर वृक्षारोपण किया। इस मौके पर नीम के 24 पौधें रोपित किए गए। महापौर श्री लाम्बा ने वृक्षारोपण पश्चात रोपित पौधों की सुरक्षा हेतु तत्काल ट्री गार्ड लगाने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होने बस्तीवासियों से भेंट एवं चर्चा कर उनकी विकासपरक आवश्यकताओं एवं समस्याओं की जानकारी ली। महापौर श्री लाम्बा ने बुधवारी बस्ती स्कूल के बगल में स्थित मंच से कोलेप्सिबल गेट लगाने के निर्देश दिए। उन्होने बताया कि शीघ्र ही बस्ती की टूटी हुयी नालियों की मरम्मत आदि का कार्य 16 लाख रूपये की लागत से कराया जाएगा, टूटी हुयी पुलिया, कलवर्ट, नाली आदि का जीर्णोद्धार होगा। महापौर श्री लाम्बा ने आगे बताया कि यहां पर निगम द्वारा हाई मास्ट लाईट स्थापित की जाएगी तथा बुधवारी स्थित स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र (उपस्वास्थ्य केन्द्र) के भवन का निर्माण 22 लाख 50 हजार रूपये की लागत से किया जाएगा। महापौर श्री लाम्बा का बस्तीवासियों ने हार्दिक स्वागत किया तथा बस्ती में विकास कार्यो के संपादन हेतु धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सुशील गर्ग एवं रामकिशोर यादव, पार्षद मो. सलीम, भा.ज.म.म.सं. के जिलाध्यक्ष लोचन राठौर,पूर्व पार्षद पंकज देवांगन, लालजी गुप्ता, भीमबहादुर, अप्पाराव, आनंद राठौर, मो.सरफराज, श्याम साहू, बी. सुब्बा, आजम अली, हेमन्त डहरिया, जितेन्द्र सिंह ठाकुर आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

संपादकब्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)